INDIAN SCHOOL MUSCAT

SENIOR SECTION

STD. IX DEPARTMENT OF HINDI ______ NOVEMBER, 2017

REVISION WORKSHEET-TERM 2

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

जहाँ पर भी दो नदियाँ आकर मिल जाती हैं, उस स्थान को अपने देश में तीर्थ कहने का रिवाज़ है और यह केवल रिवाज़ की बात नहीं है; हम सचमुच मानते हैं कि अलग-अलग नदियों में स्नान करने से जितना पुण्य होता है उससे कहीं अधिक पुण्य संगम स्नान में है। किंतु, भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है उसमें असली संगम वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच हैं, जिन पर एक से अधिक भाषाएँ एकत्र होती हैं। नदियों की विशेषता यह है कि वे अपनी धाराओं में अनेक जनपदों का सौरभ, अनेक जनपदों के आँसू और उल्लास लिए चलती हैं और उनका पारस्परिक मिलन वास्तव में नाना जनपदों के मिलन का ही प्रतीक है। यही हाल भाषाओं का भी है। उनके भीतर भी नाना जनपदों में बसने वाली जनता के आँसू और उमंगें, भाव और विचार धाराएँ और शंकाएँ समाहित होती हैं। अतः जहाँ भाषाओं का मिलन होता है वहाँ यह बात कुछ अधिक प्रत्यक्ष हो उठती है। इस दृष्टि से भाषाओं के संगम आज सबसे बड़े तीर्थ हैं और इन तीर्थों में जो भी भारतवासी श्रद्धा से स्नान करता है, वह भारतीय एकता का सबसे बड़ा सिपाही और संत है।

हमारी भाषाएँ जितनी ही तेज़ी से जागृत होंगी, हमारे विभिन्न प्रदेशों का पारस्परिक ज्ञान उतना ही बढ़ता जाएगा। भारतीय लेखकों की बहुत दिनों से यह आकांक्षा रही थी कि वे केवल अपनी ही भाषा में प्रसिद्ध होकर न रह जाएँ, बल्कि भारत की अन्य भाषाओं में भी उनके नाम पहुँचे और उनकी कृतियों की चर्चा हो। भाषाओं के जागरण के आरंभ होते ही एक प्रकार का अखिल भारतीय मंच अपने आप प्रकट होने लगा है। आज प्रत्येक भाषा के भीतर यह जानने की इच्छा उत्पन्न हो गई है कि भारत की अन्य भाषाओं में क्या हो रहा है, उनमें कौन-कौन ऐसे लेखक हैं जिनकी कृतियाँ उल्लेखनीय हैं तथा कौन-सी विचारधारा वहाँ प्रभुसत्ता प्राप्त कर रही हैं।

प्रश्न क लेखक ने आधुनिक संगम स्थल किसको माना है और क्यों?

____

____

प्रश्न ख भाषा-संगमों में भारत की किन विशेषताओं का संगम होता है?

____

____

प्रश्न ग अलग-अलग प्रदेशों में आपसी ज्ञान किस प्रकार बढ़ सकता है?

____

प्रश्न घ स्वराज्य-प्राप्ति के उपरांत विभिन्न भाषाओं के लेखकों में क्या जिज्ञासा उत्पन्न हुई?

____

____

प्रश्न ङ भाषाओं के जागरण से लेखक का क्या अभिप्राय है?

____

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

मुहल्ले में वह शांति बेचता है।
लाउडस्पीकरों की
एक दुकान है उसकी
मेरे घर से बिल्कुल लगी हुई।
सुबह-सुबह मुँह अँधेरे दो घंटे
लाउडस्पीकर न बजाने के
वह मुझसे सौ रुपए महीने लेता है
वह जनता है कि मैं
उन अभागों में से हूँ
जो शांति के बिना
जीवित नहीं रह सकते।
वह जानता है कि आने वाले वक्तों में
साफ़ पानी और साफ़ हवा से भी ज़्यादा
शांति की किल्लत रहेगी।
वह जानता है
कि क्रांति के जमाने अब लद चुके
अब उसे अपना पेट पालने के लिए
शांति का धंधा अपनाना है।
मैं उसका आभारी हूँ
भारत जैसे देश में जहाँ कीमतें आसमान
छू रहीं
सौ रुपए महीने की दर से
अगर दो घंटा रोज़ भी शांति मिल सके
तो महँगी नहीं।

प्रश्न क इस कविता में कवि ने स्वयं को अभागा क्यों कहा है?

____

____

प्रश्न ख इस कविता में कवि व्यापारी को किस लिए सौ रुपए महीना देता है?

____

प्रश्न ग आने वाले समय में साफ़ पानी और साफ़ हवा की अपेक्षा किस वस्तु की अधिक कमी रहेगी?

____

1 (क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए -

(क) ब्राह्मण ______________________________

(ख) यज्ञ ______________________________

(ग) हृदय ______________________________

(घ) नक्षत्र ______________________________

(ङ) शुंक ______________________________

(ख) निम्नलिखित वर्णों को जोड. कर उचित शब्द बनाइए -

(क) प् + र् + अ+ स् + आ + ध् + अ+ न् + अ ______________

(ख) क् + र् + ओ + ध् + अ ______________

(ग) व् + इ + ज्+ ञ् + आ + प् + इ + त् + अ ______________

(घ) स् + त् + र् + ई ______________

(ङ) क् + आ+ ठ् + अ + म् + आ + ण् + ड + ऊ ______________

2 (क) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर अनुस्वार और अनुनासिक का प्रयोग कीजिए -

महिलाए, मगला, पूछ, अश , वीरागना, बाट , चाद

(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए -

जिदा, फरियादी, कर्ज , जुल्फ, फर्श, फर्क, जख्म

3 (क) निम्नलिखित शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए -

	मूल शब्द	उपसर्ग		मूल शब्द	उपसर्ग
संस्थान	________	________	अनादर	________	________
परोपकार	________	________	विनाश	________	________
पुनर्जीवन	________	________	निर्भर	________	________

(ख) निम्नलिखित शब्द में से मूलशब्द और प्रत्यय अलग कीजिए -

	मूल शब्द	प्रत्यय		मूल शब्द	प्रत्यय
वड़ापन	______	______	परिचित	______	______
प्रतिभावन	______	______	मार्मिक	______	______
मलिन	______	______	निचली	______	______

(ग) निम्नलिखित उपसर्ग और प्रत्ययों को प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाइए।

अप ______ ______ आ ______ ______

वि ______ ______ आऊ ______ ______

4 (क) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए -

योगाभ्यास ______ + ______ संयोग ______ + ______

मनोवल ______ + ______ स्वच्छ ______ + ______

दुर्लभ ______ + ______ परीक्षा ______ + ______

गजेंद्र- ______ + ______ गणेश - ______ + ______

पुरुपोत्तम- ______ + ______ गंगोत्सव - ______ + ______

(ख) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए -

अधिक + अधिक - ______ पुन ः + जीवन - ______

नि + ऊन - ______ नि ः + रोग - ______

उत् + लेख- ______ सम् + रक्षण - ______

सत्+ जन - ______ भौ + उक - ______

5 (क) निम्नलिखित वक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए -

1 मोहित अपनी भूमि संपत्ति प्रतिष्ठा और मान मर्यादा सभी कुछ खो बैठा

2 शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया

3 छीः चोरी करते हो क्या तुम्हारे माता पिता और भाई ने यही सिखाया है

(ख) निम्नलिखित उचित विराम चिह्नों के नाम लिखिए -

(‘ ’) ______ (,) ______ (?) ______

****